# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय , उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्रसंत कबीर नगर। -खलीलाबाद, जनपद,
cdsantkabirnagar@gmail.com -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,


पत्रांक 407 / W-05 / 31 दिनांक 23/05/2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक महोदय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

लखनऊ।

विषय – दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 22.05.2026 दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"पांच साल बाद भी आधी आबादी को पानी नसीब नहीं: जल जीवन मिशन की टंकी से आपूर्ति बाधित, ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी"*** के संबंध में अवगत कराना है कि तामा ग्राम पंचायत पेयजल योजना से 02 राजस्व ग्राम (तामा, मचौली) आच्छादित है, समस्त कार्य पूर्ण कर दोनों राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही थी, योजना ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कर दी गयी थी (संलग्न- हस्तानान्तरण प्रमाण पत्र)। राम जानकी मार्ग का चौड़ीकरण हुआ , जिसमें पाइपलान क्षतिग्रस्त होने से राजस्व ग्राम-मचौली में जलापूर्ति बंद हो गयी थी। तत्काल नया पाइप बिछाकर जलापूर्ति पुनः चालू करा दिया गया था परन्तु लगभग 02 माह बाद मचौली ग्राम के पास नाला निर्माण में पाइपलाइन पुनः क्षतिग्रस्त हो गई, जिस कारण मचौली में आंशिक जलापूर्ति हो रही है।

मरम्मत योग्य कार्यो का डी0पी0आर0 तैयार कर, स्वीकृति हेतु SWSM को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरान्त योजना से संबंधित मरम्मत कार्यो को पूर्ण कराकर मचौली के शेष भाग में भी जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

***संलग्नक:- उपरोक्तानुसार।***

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
7. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

अधिशासी अभियन्ता

पंचायती राज

# HANDOVER TAKEOVER CERTIFICATE

**CERTIFICATE BY,**

DPRO, Sant Kabir Nagar
DEPARTMENT OF PANCHAYATI RAJ
Uttar Pradesh

**M/S MEWALAL CON.SANTKABIR NAGA**

Dist: Sant Kabir Nagar
Block: HAINSAR BAZAR
Gram Panchayat: TAMA
Type of Project: Multi village scheme

**Handover I'd :061 /04/07/2023/ MVS /SAN** **Date: 12/01/2024**

I hereby affirm, to the best of my knowledge and belief, based on inspections, observations, testing and evaluation of the project and upon field visit, this project is now substantially handover-takeover by Panchayati Raj.

CONTRACTOR INFORMATION

M/S MEWALAL CON.SANTKABIR NAGAR

SCHEME IMIS CODE : 7892102

PROJECT NAME

Tama

PROJECT DESCRIPTION

Project Start date: 26/08/2019

Project completion date: 25/02/2021

Date of Handover-Takeover: 12/01/2024

Total FHTC: 484

| Village Name | Village IMIS Code |
|---|---|
| Tama | 452961 |
| Machauli | 452962 |


**DPRO, Sant Kabir Nagar**


Department of Panchayati Raj

**Checked by,**

1) Gramin Jalapurti Prakoshth,PRD,UP
2) ADO (Panchayat)

*Signature is not required in the computer operated certificate


GPS Map Camera
Check In
Belma, Uttar Pradesh, India
G5j7+wg, Belma, Uttar Pradesh 272165, India
Lat 26.531802° Long 83.164234°
Saturday, 23/05/2026 01:31 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Check In
Belma, Uttar Pradesh, India
Google
G5j7+wg, Belma, Uttar Pradesh 272165, India
Lat 26.531963° Long 83.164302°
Saturday, 23/05/2026 01:33 PM GMT +05:30

# पांच साल बाद भी आधी आबादी को पानी नसीब नहीं:जल जीवन मिशन की टंकी से आपूर्ति बाधित; ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी

**जगदीश कुमार पांडे | हैंसर बाजार, संतकबीर नगर**

संतकबीर नगर के हैंसर ब्लाक क्षेत्र के तामा गांव में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी से पांच साल बाद भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। गांव की आधी आबादी को अभी तक नल का पानी नहीं मिल सका है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष है।

ग्रामीणों के अनुसार, लगभग पांच वर्ष पूर्व पानी की टंकी का निर्माण किया गया था और पूरे गांव में पाइपलाइन भी बिछाई गई थी। हालांकि, टंकी से पानी की आपूर्ति केवल हरिजन बस्ती तक ही सीमित है।

गांव के भूमिहार बहुल क्षेत्र में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी टंकी से मचौली गांव और तामा चौराहे तक भी पानी की आपूर्ति होनी थी, लेकिन इन क्षेत्रों में भी जलापूर्ति नहीं हो रही है।

इस कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी हरी, कृष्ना राय, ओमप्रकाश, हरिकिशुन, सीताराम, राजेश राय और गंगा राय समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन बिछाने के बावजूद आधे गांव को पानी न मिलना अधिकारियों की लापरवाही का संकेत है। उन्होंने मांग की है कि पूरे गांव में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और मचौली तथा तामा चौराहे तक भी जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति बहाल की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि तामा गांव में लगभग 1300 मतदाता हैं। यदि इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इस संबंध में जलनिगम के जेई जेएन यादव ने बताया कि पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारणों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पाइप लीकेज या टूटने के कारण समस्या है, तो उसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।